सराहनीय कार्य

प्रेस नोट

मीडिया सेल, जनपद गोण्डा

दिनांक 31.08.2023

गैंगेस्टर एक्ट का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री अंकित मित्तल द्वारा अपराध एवं अपराधियों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत पुरस्कार घोषित/गैंगेस्टर एक्ट के वांछित अभियुक्तों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी करने के निर्देश जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षों को दिए थे।

उक्त निर्देश के अनुक्रम में थाना कटराबाजार पुलिस द्वारा क्षेत्र भ्रमण के दौरान मुखबिर खास की सूचना पर गैंगेस्टर ऐक्ट के वांछित अभियुक्त मो0 जाहिद को गिरफ्तार कर लिया गया। उक्त अभियुक्त का एक संगठित गिरोह था जो अपने भौतिक तथा आर्थिक लाभ हेतु गौवंशीय पशुओं की तस्करी/गोकशी किया करते थे। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध थाना कटराबाजार पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की गयी।

गिरफ्तार अभियुक्त-

01. जाहिद उर्फ छोटू पुत्र अनीश निवासी चाई टोला कस्बा नवाबगंज थाना नवाबगंज कौड़हा जगदीशपुर थाना कटराबाजार जनपद गोण्डा।

पंजीकृत अभियोग-

01. मु0अ0सं0-450/23, धारा 3(1) यू0पी0 गैंगेस्टर ऐक्ट थाना कटराबाजार जनपद गोण्डा।

गिरफ्तार कर्ता टीम-

उ0नि0 अजय कुमार पांडे मय टीम।

सराहनीय कार्य

प्रेस नोट

मीडिया सेल,जनपद गोण्डा

दिनांक 31.08.2023

24 घंटे के अंदर लूट की घटना का अनावरण, शातिर लुटेरा गिरफ्तार, 03 अदद मोबाइल फोन बरामद-

पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री अंकित मित्तल द्वारा अपराध एंव अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत वांछित अभियुक्तों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी करने हेतु जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षों को कड़े निर्देश दिए थे।
उक्त निर्देश के अनुक्रम में अपर पुलिस अधीक्षक गोंडा शिवराज के पर्यवेक्षण में थाना को0 नगर पुलिस द्वारा महिला से मोबाइल फोन लूटने के आरोपी अभियुक्त शाहबान उर्फ शाबान को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 03 अदद मोबाइल फोन बरामद किया गया। उक्त अभियुक्त ने कल दिनांक 30.08.2023 को एक महिला के साथ मोबाइल लूट की घटना कारित की थी जिसके संबंध में थाना को0 नगर में अभियोग पंजीकृत हुआ था। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध थाना को0 नगर पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की गई।

गिरफ्तार अभियुक्त-

01. शहबान उर्फ शाबान पुत्र मो0 इस्लाम निवासी उम्मेदजोत बनकटवा थाना कोतवाली नगर गोण्डा।

अभियुक्त सहबान का आपराधिक इतिहास-

01. मु0अ0सं0-1005/2020 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट थाना कोतवाली नगर गोण्डा।

गिरफ्तारी का स्थान-

यशमय स्कूल के पीछे गंगापुर को जाने वाले रास्ते पर, थाना को0 नगर गोण्डा।

पंजीकृत अभियोग-

01. मु0अ0सं0- 0768/2023 धारा 392, 411 भा0द0वि0 थाना नगर कोतवाली गोण्डा।

बरामदगी-

01. मोबाईल MI 5A गोल्डन कलर
02. OPPO A 96, Sunset blue रंग का
03. vivo फोन गोल्डन कलर

गिरफ्तार कर्ता टीम-

उ0नि0 घनश्याम वर्मा मय टीम।

कार्यालय पुलिस अधीक्षक जनपद गोण्डा दिनांक 31.08.2023

शांतिभंग की आशंका के मद्देनजर पुलिस द्वारा की गयी कार्यवाही-

जनपदीय पुलिस द्वारा विभिन्न मामलों में शांतिभंग की आशंका के मद्देनजर जनपद के विभिन्न थानों से कुल-13 व्यक्तियों को अन्तर्गत धारा-151/107/116 सीआरपीसी में गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया तथा भारी से भारी जमानत मुचलके से पाबन्द कराया गया।